(Pages : 2) **D – 4886**

Reg. No. : ....

Name : ....

First Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, February 2018
First Degree Programme under CBCSS
Language Course (Additional Language I) – Hindi
HN 1111.1 : PROSE AND GRAMMAR
(2013 to 2016 Admissions)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. निर्देश : एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(10×1=10 Marks)**

1) 'त्यागमूर्ति निराला' किसकी रचना है ?

2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की राय में अहिंसा का दूसरा नाम क्या है ?

3) ओणम का खास नृत्य क्या है ?

4) 'वे बहादुरी से बिके' किस प्रकार की रचना है ?

5) 'सुख' कहानी का मुख्य पात्र कौन है ?

6) व्यंजन वर्ण किसे कहते हैं ?

7) संज्ञाओं में किन-किन कारणों से रूपांतर होते हैं ?

8) अधिकरण कारक के परसर्ग क्या-क्या हैं ?

9) लिंग किसे कहते हैं ?

10) कर्म के आधार पर क्रियाओं के कितने भेद हैं ? वे कौन-कौन से हैं ?

II. निर्देश : किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) लिखिए। **(8×2=16 Marks)**

11) 'मतवाला' प्रेस के मशीनमैन के घायल होने पर निरालाजी ने क्या किया ?

12) भोग और त्याग के संबन्ध में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का मत क्या है ?

13) ओणम के दिनों मे तृक्काक्करप्पन की पूजा कैसे करते हैं ?

14) 'तुम क्या अपने को स्वतंत्र मानते हो ?' प्रतिष्ठित लेखक के इस प्रश्न का परसाई ने क्या उत्तर दिया ?

15) शाम को बाहर घूमकर वापस आने के बाद भोलाबाबू क्यों बेचैन होने लगा ?

16) 'बडे शहरों में रहना यानी गैस-चैंबर में रहने जैसा है।' यह किसका कथन है ? इस तरह कहने का कारण क्या है ?

P.T.O.

17) बनावट के अनुसार स्वरों के कितने भेद हैं ? उदाहरण सहित व्यक्त कीजिए।

18) संज्ञा के मुख्यत: कितने भेद हैं ? सोदाहरण समझाइए।

19) संख्यावाचक विशेषण किसे कहते हैं ? उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए।

20) भाववाच्य से क्या मतलब है ? उदाहरण देकर व्यक्त कीजिए।

21) वचन किसे कहते हैं ? हिन्दी में कितने वचनों की व्यवस्था है ?

22) कर्म और संप्रदान कारकों का अंतर समझाइए।

III. **निर्देश** : किन्हीं **छ:** प्रश्नों के उत्तर (करीब **120** शब्दों में) लिखिए। **(6×4=24 Marks)**

23) 'निरालाजी वास्तव में निराला ही थे'। उदाहरण सहित इस कथन का समर्थन कीजिए।

24) 'भारत में अनेकता में एकता है।' 'भारतीय संस्कृति' के आधार पर इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए।

25) 'अपने उत्सवों को बेचकर पर्यटकों से धन कमाने की हमारी व्यावसायिक सूझ और स्वार्थ–भावना देख महाबली सम्राट खुश तो ज़रूर नहीं होंगे।' सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

26) 'साहित्य जगत में पनप रही अवसरवादिता पाखंड और दंभ पर करारा व्यंग्य है 'वे बहादुरी' से बिके'। समझाइए।

27) 'देखो, कहने को यह बीवी है। यह बेटा है। यह बेटी है। यह मकान है। यह जायदाद है। ये दोस्त हैं। ये नातेदार हैं। लेकिन सच पूछो तो कोई किसी का नहीं।' सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

28) 'घोषत्व' और 'प्राणत्व' के आधार पर हिन्दी वर्णों का परिचय दीजिए।

29) आदरसूचक 'आप' और निजवाचक 'आप' का अंतर सोदाहरण समझाइए।

30) संयुक्त क्रिया कैसे बनती है ? उदाहरण देकर व्यक्त कीजिए।

31) 'ने' प्रत्यय के प्रयोग के नियमों का प्रतिपादन कीजिए।

IV. **निर्देश** : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (करीब **250** शब्दों में) लिखिए। **(2×15=30 Marks)**

32) 'सुख' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

33) 'होली और ओणम' के संबन्ध में डॉ. एन.इ.विश्वनाथ अय्यरजी ने कौन–कौन से विचार प्रकट किये हैं ?

34) सर्वनाम की परिभाषा देकर उसके भेदों को सोदाहरण व्यक्त कीजिए।

35) काल किसे कहते हैं ? हिन्दी क्रिया के काल और उनके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।